

# विधानसभा में पहुंचा कोरोना काल के घोटाले का मामला

## अमरपाटन विधायक ने ध्यान आकर्षण सूचना देकर की जांच-कार्रवाई की मांग

नवभारत न्यूज

**सतना 31 जुलाई. कोरोना काल में टीकाकरण सहित अन्य कार्यों के नाम पर सतना जिले के मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा राज्य शासन के करोड़ों रुपयों का गोलमाल कर दिया गया. इतना ही नहीं बल्कि उक्त घोटाले में शामिल रहे लोगों द्वारा दस्तावजों को नष्ट करने की साजिश भी रची जा रही है. जिसे देखते हुए राज्य शासन को तत्काल एक्शन लेकर विभागीय जांच संस्थित करते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए. इस विषय को लेकर अमरपाटन विधायक डॉ. राजेंद्र सिंह द्वारा राज्य विधानसभा में ध्यान आकर्षण सूचना लगाई गई है.**

अमरपाटन विधायक डॉ. सिंह द्वारा लगाई गई ध्यान आकर्षण सूचना में इस बात का उल्लेख किया गया है कि कोरोना काल में राज्य शासन द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सतना को 2 करोड़ से अधिक की धनराशि आवंटित की गई थी. आवंटित की गई उक्त राशि में से 43 लाख रु जिले के 8 ब्लाक के ब्लाक मेडिकल



अफसरों को दी गई थी. जबकि शेश बची राशि की बंदरबांट कर ली गई. लिहाजा कोरोना काल की पहली और दूसरी लहर के समय कुल कितनी राशि राज्य शासन द्वारा प्रदान की गई और उसका कहां-कहां व कैसे-कैसे व्यय किया गया, इसकी जांच एवं उच्च स्तरीय ऑडिट की जानी चाहिए. व्यय से संबंधित सभी दस्तावेजों को नष्ट करने की साजिश भी चल रही है. जिसके चलते दस्तावेजों को सुरक्षित रखने की आवश्यकता है.

### फोटोकॉपी दुकान को किया पौने 4 लाख का पेमेन्ट

घोटाले की बानगी का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि सतना जिले के रामपुर बघेलान क्षेत्र में स्थित परिहार फोटो कॉपी सेंटर नामक प्रतिष्ठान को 11 अगस्त 2021 को 4 लाख 89 हजार 548 रु का भुगतान किया गया था. इसी तरह 4 सितंबर 2021 को उसी संस्थान को 1 लाख 51 हजार 839 रु का भुगतान कर दिया गया. लिहाजा आपदा में अवसर तलाशने वाले मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित सभी लोगों को चिंहित करते हुए तत्काल एक्शन लेकर विभागीय जांच संस्थित की जाए. इसके साथ ही सभी को निलंबित कर शासन के राजस्व की वसूली के लिए आर सी सी जारी करना चहिए.

# कुल्हाड़ी से हमला कर पति ने की पत्नी की हत्या

## पुलिस ने आरोपी पति को किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सतना 31 जुलाई. घरेलू विवाद के दौरान तमतमाए पति ने अचानक ही कुल्हाड़ी से पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया. गंभीर तौर पर घायल पत्नी ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया. इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया.**

जिले के मझगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कठौता निवासी भालचंद्र सिंह गोड उम्र 38 वर्ष और उसकी पत्नी पुष्पा सिंह गोड उम्र 34 वर्ष के बीच आए दिन विवाद होता रहता था. इसी कड़ी में बुधवार की रात भी पति और पत्नी के बीच विवाद शुरु हो गया. दोनों के बीच लड़ाई झगड़ा चल ही रहा था कि उनकी



बेटी मानसी जोर जोर से चिल्लाते हुए अपने दादा और दादी को बुलाने लगी. जब दादा राम विश्वास सिंह गोड़ दौडकर कर कमरे में गए तो देखा कि उनका बेटा भालचंद्र उनकी बहू पुष्पा पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर रहा था. बीच बचाव करने पर भालचंद्र कुल्हाड़ी लेकर वहां से भाग गया. पुष्पा के सिर के बाएं ओर गंभीर चोट आई थी और खून तेजी से बह रहा था. जिसे देखते हुए रामविश्वास द्वारा डायल 100 को फोन किया गया. जिसके जरिए पुष्पा को मझगवां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. जहां पर उपचार करने के बाद गंभीर हालत होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया. जहां पर उपचार के दौरान पुष्पा की मौत हो गई. रामविश्वास की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए भालचंद्र की खोजबीन शुरु की. पुलिस ने त्वारित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति भालचंद्र को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया.

# ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, चालक सहित 2 की मौत

## मैहर-बरही रोड पर भदनपुर की घाटी पर हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

**सतना 31 जुलाई. मैहर जिले में बरही रोड पर भदनपुर की घाटी पर उतरने के दौरान ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई. जिसके चलते चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई. ट्रैक्टर ट्राली पर फ्लाई ऐश की ईंटे लदी हुई थीं.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक बिना नंबर का ट्रैक्टर ट्राली मैहर से भदनपुर की ओर जा रहा था. जिस पर फ्लाई ऐश से बनी ईंटें लदी हुई थीं. बताया गया कि ट्रैक्टर ट्राली जैसे ही बरही रोड पर सरला नगर सीमेंट प्लांट के पास



पहुंची तो भदनपुर की घाटी से उतरने के दौरान अचानक अनियंत्रित हो गई. जिसके चलते देखते ही देखते ट्रैक्टर और ट्राली दोनों पलट गईं. वहीं ट्राली पर लदी फ्लाई ऐश की ईंटें भी बिखर गईं. जिसकी चपेट में आने से चालक व ट्रैक्टर पर सवार एक व्यक्ति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. घटना की सूचना मिलने पर बदेरा थाना प्रभारी अभिषेक सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए. दोनों लोगों को आनन-फानन में मैहर स्थित सिविल अस्पताल भेजा गया. जहां पर जांच करने पर चिकित्सक द्वारा दोनों को मृत घोषित कर दिया गया.

मृतकों में से ट्रैक्टर चालक की पहचान संजू कोल उम्र 35 वर्ष निवासी बिरहुली सतना के तौर पर हुई. जबकि दूसरे मृतक की पहचान ग्राम बंधी थाना बदेरा मैहर निवासी रामकथि कोल उम्र 40 वर्ष के तौर पर हुई. ट्रैक्टर ट्राली पर नंबर नहीं होने के कारण मृतकों की पहचान करने के लिए पुलिस को काफी देर तक कड़ी मशक्कत करनी पड़ी. वहीं घटनास्थल पर क्रेन को बुलाकर मार्ग पर पलटे ट्रैक्टर ट्राली को किनारे कराया गया. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है.

# सिविल सर्जन ने शोकॉज जारी कर मांगा जवाब

## पैसे मांगने व अभद्रता से संबंधित वाइरल वीडियो का मामला

नवभारत न्यूज

**सतना 31 जुलाई. मेडिकल बनाने के नाम पर चिकित्सक द्वारा पैसे मांगने और नहीं दिए जाने पर अभद्रता करने से संबंधित वाइरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए सिविल सर्जन द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है.**

सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय सतना डा. मनोज शुक्ला द्वारा गुरुवार को जिला चिकित्सालय में पदस्थ चिकित्सक डॉ. लोकेश सोनी के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी



करते हुए 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा गया है. जारी नोटिस में इस बात का उल्लेख किया गया है कि सोशल मीडिया ग्रुप में एक वीडियो क्लिप के साथ जिला चिकित्सालय सतना का एक समाचार चल रहा है. जिसमें डॉ सोनी द्वारा मेडिकल बनाने के बदले पैसे की मांग की जा रही है. इतना ही नहीं बल्कि पैसे न देने पर मरीज के साथ अभद्रता किए जाने आ रोप भी लग रहा है. इस घटना के सामने आने से जिला चिकित्सालय की छवि खराब हुई है. वहीं इस मामले को लेकर उच्चाधिकारियों द्वारा भी अप्रसन्नता व्यक्त की गई है. जिसे देखते हुए डॉ सोनी को 24 घंटे के भीतर अपना स्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं. जिससे कि इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा सके.

### ब्लैकमेलिंग का प्रयास..?

मेडिकल बनाने के नाम पर चिकित्सक द्वारा पैसे मांगने से संबंधित वीडियो के वाइरल होने और सिविल सर्जन द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी करने के बाद कुछ ऐसी व्हाट्स चैट भी वाइरल होने लगीं. जिसके जरिए यह समूचा मामला ब्लैकमलिंग से जुड़ा नजर आने लगा. व्हाट्सएप चैट में पढ़ा जा सकता है कि वीडियो रिकार्ड करने के बाद उसे वाइरल करने की धमकी देते हुए सेटलमेंट करने का प्रयास किया गया. डॉ. लोकेश सोनी के अनुसार ब्लैकमेलिंग करते हुए उनसे 5 हजार रु की मांग की गई. कई तरह की धमकियां देते हुए समझौते का दबाव बनाया गया. इतना ही नहीं बल्कि पूरी तरह उन्हें फोन कर जान से मारने की धमकियां भी दी जाती रहीं. जिसे देखते हुए चिकित्सक द्वारा उक्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई है.

# प्रयोगशालाओं के संचालन की व्यवस्था दुरूस्त करें : डॉ. सतीश

## शिक्षा विभाग एवं जिला शिक्षा केन्द्र की हुई समीक्षा बैठक

नवभारत न्यूज

**सतना 31 जुलाई. कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने जिले के सभी हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूलों में विज्ञान विषय की प्रयोग शालाओं का संचालन सुव्यवस्थित रूप से करने के निर्देश दिये हैं।**

उन्होंने कहा कि विज्ञान के छात्र-छात्राओं को प्रयोगिक ज्ञान और अनुभव अत्यंत आवश्यक होता है। विद्यालयों में निरीक्षण के दौरान लैब का संचालन नहीं पाये जाने पर प्राचार्य के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग एवं जिला शिक्षा केन्द्र के अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर ने शैक्षणिक गतिविधियों की



समीक्षा की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, जिला शिक्षा अधिकारी कंचन श्रीवास्तव, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी सहित सभी बीआरसी, बीईओ, बीएसी तथा जिला शिक्षा केन्द्र के उपयंत्री उपस्थित थे। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि बीईओ और बीआरसी स्कूलों के साथ-साथ छात्रावासों का भी निरीक्षण करें। स्कूल निरीक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं के पास पाठ्य-पुस्तकों की उपलब्धता तथा अभ्यास पुस्तिका में किये गये कार्य अवश्य देखें। उन्होंने कहा कि हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूल के परीक्षा परिणामों में जिले के उच्च और निम्न प्रतिशत परिणाम वाले 5-5 स्कूलों को चिन्हाकित कर परीक्षा परिणामों का विश्लेषण करें।

# जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 456 छात्र-छात्राएं होंगे शामिल

## आज आयोजित होगी मप्र. पर्यटन क्विज प्रतियोगिता -2025

नवभारत न्यूज

**सतना 31 जुलाई. म.प्र. पर्यटन विभाग द्वारा म.प्र. पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2025 का जिला स्तरीय आयोजन लिखित एवं मल्टीमीडिया राउंड 1 अगस्त को एकेएस यूनिवर्सिटी शेरगंज सतना में किया जायेगा।**

कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने बताया कि जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के अध्ययनरत विद्यार्थियों को पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2025 के लिए सतना जिले के 152 विद्यालयों के 456 छात्र-छात्राओं ने अपना आनलाइन पंजीयन करवाया है। संबंधित संस्थाओं के प्राचार्य 1 अगस्त को प्रात: 8.30 बजे के पूर्व एकेएस यूनिवर्सिटी शेरगंज सतना में विद्यालय की टीम एवं एक मार्गदर्शी शिक्षक को उपस्थित कराना सुनिश्चित करे। प्रति विद्यालय जिन तीन प्रतिभागी छात्र-छात्राओं एवं मागदर्शी शिक्षक का आनलाइन पंजीयन हुआ है प्रतियोगिता में उन्हीं की सहभागिता मान्य होगी। किसी भी स्थिति में पंजीकृत प्रतिभागी को अन्य प्रतिभागी से प्रति स्थापित नहीं किया जायेगा। प्रतियोगिता के समय चक्र के अनुसार 1 अगस्त को प्रात: 9 से 10 बजे तक पंजीयन कार्य होगा तथा प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रथम चरण में लिखित परीक्षा आयोजित होगी। इसके बाद दोपहर 12 से दोपहर 2.30 बजे तक भोजन तथा मूल्यांकन का कार्य किया जायेगा। दोपहर 2.30 से सायं 4.30 बजे तक क्विज प्रतियोगता मल्टीमीडिया का आयोजन किया जाएगा। सायं 4.30 से सायं 5.30 तक पुरूस्कार का वितरण का कार्यक्रम होगा।

# जिला सैनिक कल्याण बोर्ड का पुनर्गठन

नवभारत न्यूज

**सतना 31 जुलाई. जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सतना द्वारा कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अनुमोदन उपरांत जिला सैनिक कल्याण बोर्ड का पुनर्गठन किया गया है।**

जिला सैनिक कल्याण बोर्ड सतना की आगामी बैठक अक्टूबर अथवा नवम्बर माह में आयोजित की जायेगी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी मुनीन्द्र त्रिपाठी सेवा निवृत्त कर्नल ने बताया कि जिला सैनिक कल्याण बोर्ड में कृपालपुर सतना के सेवा निवृत्त बिग्रेडियर देवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, सहायक भर्ती अधिकारी क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर कर्नल गगन मल्होत्रा, जनसम्पर्क अधिकारी राजेश कुमार सिंह, महाप्रबंधक उद्योग आरएल पाण्डेय, एकेएस यूनिवर्सिटी के प्रो हर्षवर्धन श्रीवास्तव, प्रेसीडेन्ट बार एसोसिएशन से एडवोकेट सुनील शर्मा, एडवोकेट अजय कुमार द्विवेदी, विधुई खुर्द अमरपाटन के भूतपूर्व सूबेदार राजेन्द्र सिंह और करही रोड उत्तरी पतेरी के भूतपूर्व सूबेदार राबेन्द्र सिंह को शामिल किया गया है।

## एक नजर में



### अतरबेदिया प्राचार्य नरेन्द्र त्रिपाठी हुए सेवानिवृत्त

**सतना।** उचेहरा क्षेत्र के अतरवेदिया कला हाईस्कूल के प्राचार्य नरेन्द्र त्रिपाठी के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सभी वक्ताओं ने कहा कि श्री त्रिपाठी का विद्यालय के बच्चों के विकास में योगदान सराहनीय रहा है व शिक्षा जगत में विशेष पहचान रही है। विभिन्न शिक्षकों द्वारा उन्हें शॉल एवं कलम देकर सम्मानित किया। इस दौरान पद्मश्री बाबूलाल दाहिया, जिला शिक्षा अधिकारी कंचन श्रीवास्तव, विकासखण्ड शिक्षाअधिकारी आर.एन पटेल, महेंद्र त्रिपाठी प्राचार्य, प्राचार्य पिथौराबाद कोदुलाल वर्मा, लक्ष्मीकांत पटेल, एस पी शुक्ला, उपेन्द्र पांडेय (अध्यक्ष बार काउंसिल), सेवानिवृत शिक्षक ब्रजमोहन प्रजापति, अमन कुशवाहा उपसरपंच धनेह, बृजेश गौतम एवं समस्त विद्यालय का स्टाफ छात्र उपस्थित रहे।

### अरुण भारतीय सम्मानित

**सतना।** पत्रकार कल्याण परिषद मध्य प्रदेश प्रांतीय अधिवेशन 27 जुलाई को वरिष्ठ समाजसेवी स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक पर्यावरण संरक्षक



अरुण भारतीय को सम्मानित किया गया। स्वदेशी जागरण मंच परिवर्तन विचार मंच परिवार ने श्री भारतीय के उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

### सेवा संकल्प परिवार ने दी शोक श्रद्धांजलि

**सतना।** सेवा संकल्प परिवार द्वारा आज दोपहर 2ः00 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह शोकसभा स्व. सुखेन्द्र गुप्ता 'गुड्डा' की स्मृति में आयोजित की गई, जिनका हाल ही में आकस्मिक निधन हो गया था। उनके असमय निधन पर सेवा संकल्प परिवार ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। शोकसभा में सेवा संकल्प परिवार के सदस्यों सहित नगर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने स्व. सुखेन्द्र गुप्ता के मिलनसार स्वभाव एवं सामाजिक योगदान को याद करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सुरेश बड़ेरिया राजकुमार शुक्ला, गिरीश अग्रवाल, सतीश वर्मा, पी.डी. कुचिया, रामावतार अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, शंकर लाल अग्रवाल, श्याम लाल गुप्ता श्यामू अन्नू अग्रवाल, सतीश सचदेवा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### उत्कर्ष को मिला ड्रीम पैकेज

**सतना.** एकेएस यूनिवर्सिटी, सतना के लिए गौरव की बात है कि एम.एससी. केमिस्ट्री



(बैच 2024) के प्रतिभाशाली छात्र उत्कर्ष गुप्ता का चयन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की प्रतिष्ठित कंपनी नेशनल सीमेंट में केमिकल एनालिस्ट के पद पर हुआ है। उन्हें वार्षिक ?8.5 लाख के ड्रीम पैकेज के साथ अन्य अंतरराष्ट्रीय सुविधाएं भी कंपनी द्वारा प्रदान की जा रही हैं। सफलता की सूचना मिलते ही उत्कर्ष ने अपने शिक्षकों को यह खबर दी और अपने मार्गदर्शकों के प्रति आभार प्रकट किया।

# मुंशी प्रेमचंद ने कहानी के माध्यम से संस्कारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाया

नवभारत न्यूज

**सतना, 31 जुलाई. वनमाली सृजन केंद्र सतना के तत्वावधान में मुंशी प्रेमचंद की जन्म जयंती के अवसर पर मुंशी प्रेमचंद कथा विमर्श का आयोजन 30 जुलाई को 7 बजे से आनलाइन वेबीनार के माध्यम से आयोजित की गई।**

इसका विषय मुंशी प्रेमचंद द्वारा लिखित मेरी पसंदीदा इसमें मुख्य अतिथि के रूप में न्यूयार्क की वरिष्ठ साहित्यकार श्रीमती सुषमा मल्होत्रा रही इसके साथ शहडोल से अरुण नामदेव, विनीता मिश्रा, डॉ सीलेश तिवारी, लिपिका बाला दत्ता, ऋषिकेश गुप्ता, निलय मंडल, एस.एल.प्रजापति, गोरखनाथ अग्रवाल, अजीत प्रताप सिंह कुंवर, राजधर मिश्र हयात, समरजीत वर्मा, संजय मिश्रा, डॉ प्रभाशंकर मिश्र ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर एस.एल.प्रजापति ने अपनी पसंदीदा कहानी दो बैलों की कहानी में कठिन परिस्थितियों में भी सफलता के लिये आगे ब?ने की बात की। अरुण नामदेव ने पसंदीदा कहानी नमक के दरोगा के माध्यम से धन पर धर्म की जीत, प्राइवेटाइजेशन का समाज में महत्व बताया। डॉ सीलेश तिवारी ने पसंदीदा कहानी ईदगाह के माध्यम से मानवीय सामाजिक संबंधों को एक पीढी से दूसरी पी?ी तक मजबूत करने का संदेश दिया। विशेष रूप से दादा दादी और नाती पोतों के बीच के संबम्धो की बात की। निलय मंडल ने पसंदीदा कहानी ब? घर की बेटी के माध्यम से संयुक्त परिवारों में बहुँओं के महत्व और भूमिका पर विशेष प्रकाश डाला। विनीता मिश्रा ने पसंदीदा कहानी बू?ी काकी के माध्यम से बु?ापा कैसे बचपना का पुनरागमन होता है इस पर बात की। बुजुर्गों की उपेक्षित स्थिति पर प्रकाश डाला। अजीत प्रताप सिंह कुंवर ने लेखक कहानी के माध्यम से साहित्यकार की पारिवारिक सामाजिक, आर्थिक समस्याओं को सभी के सामने रखा। सुषमा मेल्होत्रा ने ईदगाह कहानी के माध्यम से मानवीय प्रेम, सहानुभूति त्याग की भावना को संबंधों में पिरोने की बात की। गोरखनाथ अग्रवाल ने गुल्ली डंडा कहानी के माध्यम से दो दोस्तों के बचपन और उनके आगामी जीवन की परिस्थितियों के बदलाव को सभी के सामने रखा। राजधर मिश्र हयात ने मुंशी प्रेमचंद के जीवन की आपबीती को सभी के सामने रखते हुए उनको भोगे हुए यथार्थ को लिखने वाला कथाकार बताया।

## प्रांतीय प्रतिभा सम्मान समारोह 17 को

**सतना, 31 जुलाई.** राष्ट्रीय संस्था भारतीय सिंधु सभा एवं सिन्धी मेला समिति भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रांतीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन दिनाक 17 अगस्त रविवार को रविंद्र भवन भोपाल में आयोजित किया गया है। संस्था के महामंत्री विनोद गेलानी ने बताया इस प्रतिभा सम्मान समारोह में वर्ष 2024-25 की विभिन्न परीक्षाओं में उल्लेखित अंक पाने वाले सिन्धी समाज के छात्र छात्राओं तथा प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा, साहित्य, कला, खेल इत्यादि विविध क्षेत्रों में समाज का नाम रोशन करने वाली सामाजिक प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जायेगा।

# अनुभूति फाउंडेशन का दूसरा चरण रोपे पौधे

नवभारत न्यूज

**सतना, 31 जुलाई. पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने हेतु सतत प्रयासरत अनुभूति फाउंडेशन द्वारा वृक्षारोपण अभियान का दूसरा चरण आज सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस चरण के अंतर्गत सोनौरा स्थित नगर वन क्षेत्र में 101 औषधीय एवं पर्यावरणीय दृष्टि से उपयोगी पौधों का रोपण किया गया।**

गौरतलब है कि इससे पूर्व संस्था द्वारा विगत रविवार को नागौद-रीवा बायपास पर 1100 पौधों का वृहद वृक्षारोपण किया गया था। इस प्रकार अब तक कुल 1200 से अधिक पौधों का रोपण कर फाउंडेशन ने




हरियाली संरक्षण की दिशा में एक अहम कदम बढ़ाया है। फाउंडेशन के सचिव पीयूष गुप्ता ने जानकारी दी कि नगर वन में लगाए गए पौधों में बकैन, नीम, बेलपत्र, आँवला, बहेड़ा, मौलश्री, अमलतास एवं गुलमोहर जैसे पौधे सम्मिलित हैं, जो न केवल पर्यावरण को शुद्ध करने में सहायक हैं, बल्कि औषधीय गुणों से भरपूर हैं। उन्होंने यह भी बताया कि फाउंडेशन केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि इन पौधों की नियमित देखरेख एवं संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस अवसर पर फाउंडेशन के सेवा मित्रों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

# उत्कृष्ट विद्यालय में छात्रों को नि:शुल्क साइकिल वितरण

नवभारत न्यूज

**सतना, 31 जुलाई. शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 में गुरुवार को निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद श्रीमती कुसुम वाल्मीकि एवं भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री श्री मनोज सिंह उपस्थित रहे।**

कार्यक्रम के दौरान कुल 131 विद्यार्थियों को साइकिल वितरित



की गई, जिनमें 83 बालक एवं 48 बालिकाएं सम्मिलित रहीं। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना तथा उनकी शिक्षा में निरंतरता बनाए रखना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य श्री कमलेश सिंह बघेल ने की। इस अवसर पर एनसीसी ऑफिसर राकेश त्रिपाठी, साइकिल वितरण प्रभारी यशोधन मिश्रा, उच्च माध्यमिक शिक्षक मोहित कुमार गर्ग, सुश्री वसुधा त्रिपाठी, श्रीमती शालिनी सोनी, श्रीमती प्राची पाण्डेय, श्रीमती अनीता गर्ग, सहायक बनवारी लाल डोहर सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

साइकिल प्राप्त करने के बाद विद्यार्थियों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अब विद्यालय आने-जाने में समय और श्रम दोनों की बचत होगी। मुख्य अतिथियों ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया।

CMYK